**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**13.07.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- केन्द्र सरकार ने राज्यों को नकली और घटिया उर्वरकों की आपूर्ति पर तुरंत ठोस कार्रवाई करने के दिए निर्देश।
- प्रदेश में पिछले अढ़ाई वर्षों में एन.डी.पी.एस. के 5 हज़ार से अधिक मामले दर्ज– करीब 37 करोड़ रूपए की संपत्ति जब्त।
- सांसद अनुराग ठाकुर ने आपदा प्रभावित धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा– हर संभव मदद का दिया आश्वासन।
- प्रदेश के कई क्षेत्रों में व्यापक वर्षा– अगले 24 घंटों में कांगड़ा और सिरमौर ज़िलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी।

**उर्वरक**

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नकली और घटिया उर्वरकों की आपूर्ति पर तत्काल कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को इस संबंध में एक पत्र लिखा है। कृषि मंत्री ने कहा कि उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्यों का दायित्व है। उन्होंने राज्यों से दोषियों का लाइसेंस रद्द कर प्राथमिकी दर्ज करने को भी कहा है। कृषि मंत्री ने सभी राज्यों से नकली और घटिया कृषि आदानों की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए राज्यव्यापी अभियान शुरू करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर इस कार्य की नियमित निगरानी से किसानों के हित में प्रभावी और स्थायी समाधान निकलेगा।

**कृषि मंत्री**

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने किसी भी उत्पाद को बेचने के लिए उसकी सही मार्किटिंग को ज़रूरी बताया है। वे आज शिमला ज़िले के शिलारू में नवनिर्मित कृषि उपज मण्डी के शुभारम्भ पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सेब के दाम भी उसकी ग्रेडिंग और पैकिंग पर ही निर्भर करते हैं। चंद्र कुमार ने बताया कि आने वाले समय में कृषि उपज मण्डी शिलारू को ऑनलाइन किया जाएगा। विधायक कुलदीप सिंह राठौर भी इस दौरान मौजूद रहे।

## नशा निवारण

राज्य सरकार नशे के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। इसके तहत पिछले अढ़ाई वर्ष में प्रदेश में 5 हज़ार से अधिक एन.डी.पी.एस. मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में नशे का कारोबार करने वालों की करीब 37 करोड़ रूपए की संपत्ति जब्त की गई है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार नशे की आदत से ग्रसित लोगों को प्रभावी पुनर्वास प्रदान करने की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं। इसके लिए कुल्लू, ऊना, हमीरपुर और कांगड़ा में नशा मुक्ति केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा सिरमौर के कोटला बड़ोग में सौ बिस्तरों वाला अत्याधुनिक नशा मुक्ति केन्द्र बनाया जा रहा है। प्रदेश के अन्य ज़िलों में भी ऐसे केन्द्र स्थापित करने की कार्य योजना तैयार की गई है। प्रवक्ता के अनुसार मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए गए अभियान में हिमाचल देशभर में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है।

## भेंट

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कल शाम नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श किया। विधानसभा अध्यक्ष ने मण्डी ज़िला सहित राज्य के विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन व बादल फटने की घटनाओं से भी लोकसभा अध्यक्ष को अवगत करवाया। उन्होंने आपदा से हुए नुकसान के लिए लोकसभा अध्यक्ष से प्रदेश को उदार आर्थिक मदद दिलाने के लिए केन्द्र सरकार के समक्ष पैरवी करने का आग्रह किया।

## अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने आज मण्डी ज़िले के आपदा प्रभावित धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने राहत व पुनर्वास कार्यों को लेकर अधिकारियों को ज़रूरी दिशा–निर्देश दिए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि संकट की इस घड़ी में केन्द्र सरकार आपदा प्रभावितों के साथ है और पीड़ितों के पुनर्वास के लिए ज़रूरी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में बारिश का पानी नालों की ओर डायवर्ट करने के लिए क्रेटवॉल लगाने के मामले को सरकार के समक्ष उठाया जाएगा ताकि लोगों के घरों और ज़मीनों को नुकसान न हो।

सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की चर्चा करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में मंडी ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों में इस सेवा के माध्यम से मदद पहुंचाई गई है। अनुराग ठाकुर का कल 14 जुलाई को सराज विधानसभा क्षेत्र का दौरा करने का कार्यक्रम है।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से पिछले 24 घण्टों के दौरान कई क्षेत्रों में व्यापक वर्षा हुई है। भारी बारिश से प्रदेश में सड़क, बिजली और पानी की व्यवस्था प्रभावित हुई है, जिसके चलते सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त है। मौसम विभाग ने 17 जुलाई तक कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। कल 14 जुलाई को कांगड़ा और सिरमौर ज़िले में भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है जबकि मण्डी, शिमला और सोलन ज़िलों के लिए यलो अलर्ट घोषित किया गया है।

***प्रदेश में मॉनसून सीज़न के दौरान अब तक 98 लोगों की मौत हुई है जबकि एक सौ 78 लोग घायल हुए हैं। बाढ़ व बादल फटने की घटनाओं में विभिन्न स्थानों पर 34 लोग लापता बताए जा रहे हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र के अनुसार प्रदेश में अभी भी भूस्खलन से एक सौ 96 सड़कें और 7 सौ 87 पेयजल योजनाएं ठप्प हैं। इस आपदा से पशुपालन और कृषि क्षेत्र को भी भारी नुकसान हुआ है। पिछले कल 4 मील के समीप बाधित हुआ मण्डी–पंडोह राष्ट्रीय राजमार्ग सभी तरह के वाहनों के लिए बहाल कर दिया गया है। हालांकि मण्डी पुलिस ने ट्रैफिक जाम की संभावना को देखते हुए छोटे वाहन चालकों को मण्डी से कुल्लू आने–जाने के लिए कमांद–कटौला मार्ग का उपयोग करने की सलाह दी है।***

*प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं सुरेश शर्मा।*

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राज्य सरकार लगातार जन विरोधी निर्णय ले रही है। एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार ने कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की सैंकड़ों बीघा ज़मीन को निजी क्षेत्र को देने का निर्णय लिया है जिससे शिक्षा जगत को आघात पहुंचा है। बिंदल ने कहा कि इसी तरह प्रदेश पर्यटन निगम के होटलों को भी प्राइवेट सेक्टर को देने की तैयारी चल रही है, जो दुर्भायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार इस तरह से इन होटलों को बेचने का काम कर रही है।

**पर्यटन निगम**

पर्यटन निगम के 14 होटलों को निजी क्षेत्र को देने के फैसले का निगम कर्मचारी संघ ने विरोध किया है। प्रदेश पर्यटन निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हुकम राम ने कहा कि निगम के ये सभी होटल चलने वाले हैं और यदि इन्हें निजी हाथों में सौंपा जाता है तो पर्यटन निगम बैकफुट पर आ जाएगा। उन्होंने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार की मांग की है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- केन्द्र सरकार ने राज्यों को नकली और घटिया उर्वरकों की आपूर्ति पर तुरंत ठोस कार्रवाई करने के दिए निर्देश।
- प्रदेश में पिछले अढ़ाई वर्षों में एन.डी.पी.एस. के 5 हज़ार से अधिक मामले दर्ज– करीब 37 करोड़ रूपए की संपत्ति जब्त।
- सांसद अनुराग ठाकुर ने आपदा प्रभावित धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा– हर संभव मदद का दिया आश्वासन।
- प्रदेश के कई क्षेत्रों में व्यापक वर्षा– अगले 24 घंटों में कांगड़ा और सिरमौर ज़िलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी।